कार्यालय–छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांकः DSW/
दिनांकः 02.08.2024

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित सभी स्नातक पाठ्यक्रमों (बी0ए0 एल–एल0बी0 (पाँच वर्षीय)/ बी0कॉम0 एल–एल0बी0 (पाँच वर्षीय)/ बी0पी0ई0एस0/ बी0एससी0 फिजिक्ल एजुकेशन, हेल्थ एजुकेशन एण्ड स्पोर्टस पाठ्यक्रमों को छोड़कर) शैक्षिक सत्र 2024–25 की द्वितीय वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) दिनांक 02.08.2024 की शाम को प्रकाशित की जायेगी।

द्वितीय वरीयता सूची के आधार पर महाविद्यालयों/संस्थानों में दिनांक 03.08.2024 से दिनांकः 06.08.2024 (03 कार्य दिवस) तक प्रवेश किये जायेंगे। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा विश्वविद्यालय प्रवेश पोर्टल पर दिनांक 06.08.2024 तक समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों को सम्पुष्ट (कन्फर्म) सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेश लेने हेतु समस्त अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई0डी (login ID) से अपना पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर डाउनलोड करेंगे। पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर के साथ अपने शैक्षिक प्रमाण, आरक्षण समबन्धी प्रमाण, मूल निवास, आधार आदि समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करते हुए मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवश हेतु सम्पर्क करें।

द्वितीय वरीयता सूची में अंकित पाठ्यक्रम एवं महाविद्यालय/संस्थान आवंटित होने पर यदि अभ्यर्थी प्रवेश लेने में असमर्थ रहता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को ओपन मेरिट में ही प्रवेश का अवसर दिया जायेगा।

02/8/24
प्रवेश समन्वयक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–
1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. परीक्षा नियंत्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

02/8/24
प्रवेश समन्वयक